# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 199/2024

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी माध्यमिक विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 के रिजल्ट में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को राज्य के +2 विद्यालयों में OFSS के माध्यम से 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु दिनांक–29.05.2024 से 31.05.2024 तक ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी आवश्यक सूचना**

राज्य के इन्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों के कक्षा 11वीं में सत्र 2024–26 में Online Facilitation System For Students (OFSS) के माध्यम से नामांकन की कार्रवाई की जा रही है।

2. इस संबंध में समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 193/2024 के क्रम में एतद् द्वारा माध्यमिक विशेष एवं कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2024 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों के प्रधान, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक विशेष एवं कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2024 का परीक्षाफल **दिनांक–29.05.2024** को **दोपहर 12 बजे** से उपलब्ध रहेगा, जिसमें उत्तीर्ण विद्यार्थी राज्य के +2 विद्यालयों में नामांकन हेतु **दिनांक–29.05.2024 से 31.05.2024 तक** ऑनलाईन आवेदन **https://online.ofssbihar.org/ONLINE_CAF/JrCAFForm.aspx** लिंक पर जाकर कर सकते हैं।

3. इस अवधि में अर्थात् **दिनांक 31.05.2024 तक** समिति एवं CBSE/ ICSE/ अन्य केन्द्रीय एवं राज्य बोर्ड के मैट्रिक उत्तीर्ण विद्यार्थी भी राज्य के +2 विद्यालयों में 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन उक्त लिंक के माध्यम से कर सकते हैं।

4. ऑनलाईन नामांकन के लिये समिति द्वारा OFSS नाम से मोबाईल एप तैयार किया गया है, जो Google Play Store पर उपलब्ध है। किसी भी Android Smart Phone पर उपलब्ध इस एप के इस्तेमाल से विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन से संबंधित सूचनाओं एवं अन्य जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं। **इस एप का इस्तेमाल आवेदन भरने के लिये नहीं किया जा सकता है।**

5. सामान्य आवेदन प्रपत्र (CAF) भरने से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा समस्याओं के त्वरित निदान के लिये समिति के **हेल्पलाईन नम्बर 0612–2230009** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

6. OFSS के माध्यम से 11वीं कक्षा में नामांकन से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 144/2024, पी0आर0 174/2024 एवं पी0आर0 193/2024 के शेष निदेश यथावत् रहेंगे।

**निदेशक (शैक्षणिक)–सह–वरीय प्रभारी पदा0 (OFSS)**

Scanned with CamScanner